## महत्वपूर्ण एवं खास

### ओडिसा से मोटर सायकल पर गांजा ला रहे दो युवकों को डोंगरीपाली पुलिस ने पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के दिशा निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़ श्री जितेन्द्र खूंटे के मार्गदर्शन में थाना डोंगरीपाली स्टाफ द्वारा ओडिसा से मोटर सायकल में गांजा लेकर आ रहे दो व्यक्तियों को सोहिला बरमकेला मुख्य मार्ग, कोसाबाडी के पास नाकाबंदी कर पकडे । आरोपियों के पास से कुल 5 किलो 500 ग्राम गांजा तथा एक मोटर सायकल होण्डा साईन सोल्ड ग्रे रंग का जप्त किया गया है । जप्त गांजा की करीब 27500/- रूपये के हैं । दोनों आरोपी दारा सिंह जोल्हे पिता महेश राम जोल्हे उम्र 33 वर्ष निवासी बंजारी थाना सारंगढ, लक्ष्मी श्रीवास पिता शंकर लाल श्रीवास उम्र 21 वर्ष निवासी ठाकुरपाली थाना सारंगढ के रहने वाले हैं । एस.डी.ओ.पी. सारंगढ़ को सूचना मिली थी कि दोनों युवक ओडिसा से गांजा लाकर बिक्री करते हैं, जिस पर योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही की गई । आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरीपाली में धारा 20 (B) NDPS Act. की कार्यवाही की गई है ।

### जूता व्यवसायी के घर से 50 हजार नगद सहित विदेशी मुद्रा भी ले उड़े चोर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शादी के समारोह में गए जूता व्यवसाई के घर से अज्ञात चोर 50000 नगद एवं अमेरिकन डॉलर, यूरो, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश की कुछ मुद्रा भी चोरी कर ले गए। खरसिया थाना क्षेत्र में चोरी का सिलसिला थामें नहीं थम रहा है। प्रहलाद कुमार अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल उम्र 40 वर्ष निवासी स्टेशन रोड पीपल गली का जूता व्यवसाय है। 27 एवं 28 अप्रैल की दरमियानी रात्रि वह पत्नी और बच्ची के साथ खरसिया के डभरा रोड स्थित पीहू पैलेस में शादी के समारोह में गया था। जब रात्रि में देर रात वापस लौटा दो देखा की अलमारी का दरवाजा खुला हुआ है। लॉकर को खोल कर अज्ञात लोग उसमें रखा हुआ 50000 तथा विदेशी मुद्रा जिसमें अमेरिकन डॉलर, यूरो, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान की मुद्रा शामिल थी को अज्ञात चोर ले उड़े। उसने जब घर में मौजूद माता-पिता से पूछा तो उन्होंने 10-30 बजे रात्रि के बाद कमरे में जाकर सो जाना बताया। बहरहाल पुलिस ने इस मामले में भी अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और धारा 457, 380 के तहत मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### पिता पुत्र ने ग्रामीण से 09 लाख रूपये की किये धोखाधड़ी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** ग्राम छोटे जामपाली थाना छाल निवासी हेमलाल राठिया पिता सालिक राम राठिया द्वारा दिये गये शिकायत पत्र अनुसार वर्ष 2015 में हेमलाल राठिया की भूमि पुल निर्माण हेतु भू-अर्जन किया गया था जिसमें भू-अर्जन का मुआवजा 19,00093/- (उन्नीस लाख त्रान्वे रूपये ) का चेक इसे प्राप्त हुआ था । ग्राम बरभौना निवासी टिकेश डनसेना पिता श्रवण डनसेना एवं श्रवण डनसेना पिता स्व0 हेतराम डनसेना दोनो पिता पुत्र इसके घर आकर बैंक में खाता खोलवाने, रूपये निकलवाने में मदद करेंगे बोले और हेमलाल का बैंक ऑफ महाराष्ट्रा रायगढ में खाता खोलवाकर बैंक पासबुक,एटीएम, चेकबुक को अपने पास रख लिये । बीच-बीच में टिकेश डनसेना एवं उसके पिता द्वारा करीब 9,05,000/- रूपये हेमलाल को निकालकर दिये थे तथा 9,00000/- (नौ लाख रूपये) को फिक्स डिपाजिट में जमा कर देंगे बोले । हेमलाल द्वारा कई बार टिकेश डनसेना एवं उनके पिता को फिक्स डिपाजिट कराये गये रूपये का कागजात की माँग किया किन्तु दोनों कागजात देने में टल मटोल करते रहे । हेमलाल को घर बनाने के लिए रूपये की आवश्यकता होने पर दोनों को फिक्स डिपाजिट से रूपये निकालने की बात बोला तब पिता- पुत्र ने केवल 90 हजार रूपये होना बताये ।

# एएसआई के घर चोरों ने बोला धावा

## 34 हजार नगदी सहित हजारों के जेवरात साफ



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब उनके हाथ पुलिस वालों के घर तक पहुंचने लगे हैं। शनिवार एवं रविवार की दरमियानी रात्रि ग्राम तेलीकोट में छाल थाने में पदस्थ एएसआई के घर में चोरों ने धावा बोलकर 34000 नगद एवं सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। सहायक उपनिरीक्षक के परिवार वाले बाहर गए हुए थे।

क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार हो रही हैं, वहीं अब तो पुलिस के घर ही चोरी करके मानो चोरों ने पुलिस विभाग को चुनौती दे दी है। हमालपारा बस स्टैंड में मोबाइल की दुकान एवं ठुसेकेला में हुई मोबाइल की दुकान में चोरी की स्याही अभी सुख भी नहीं पाई थी कि शनिवार एवं रविवार की दरमियानी रात फ्रेंड्स कॉलोनी तेलीकोट स्थित सहायक उपनिरीक्षक एचआर जायसवाल के घर नगदी एवं गहनों पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। छाल थाने में पदस्थ हुलसराम जयसवाल के परिवार के सभी सदस्य बाहर गए हुए थे। ऐसे में अज्ञात चोर 34000 नगद एवं एवं सोने की चैन तथा दो सोने की अंगूठी, एक सेट झुमका और 10 तोला चांदी की पायल कुल 85 हजार रुपए का सामान लेकर उड़ गए। जायसवाल के घर के पीछे की ओर रहने वाले पड़ोसी ने मोबाइल के माध्यम से सहायक उपनिरीक्षक को सूचना दी। वहीं जब जायसवाल घर लौटे तो अपने ही घर में हुई चोरी देखकर भौंचक्के रह गए। सूचना पर खरसिया पुलिस के टीआई सुमत राम साहू अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया।हमेशा की तरह पुलिस ने इस मामले में भी अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। यहां यह बताना उल्लेखनीय होगा कि 24 एवं 25 अप्रैल की दरमियानी रात्रि हमालपारा बस स्टैंड में मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग 50000 के मोबाइल एवं अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया था। वहीं इसके कुछ दिनों पूर्व ग्राम ठूसेकेला में पुलिस थाने से कुछ 100 कदम दूरी पर स्थित मोबाइल एवं कंप्यूटर शॉप में चोरों ने इसी तरह से चोरी कर पुलिस को चुनौती दी थी लेकिन पुलिस आज तक चोरों का कोई बाल बांका भी नहीं कर सकी।

### निकले महादेव मंदिर में हो रही अवैध पार्किंग पर ट्रैफिक विभाग की बड़ी कार्यवाही



**न्याय साक्षी /रायगढ़।** निकले महादेव मंदिर के सामने अवैध पार्किंग करने वालों के वाहनों पर ट्रैफिक विभाग की बड़ी कार्यवाही कर रही है, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई हो रही है, ट्रैफिक डीएसपी राजकुमार मिंज मौके पर मौजूद है। कुछ समय पूर्व सोशल मीडिया में सोशल एक्टिविस्ट प्रकाश निगानिया द्वारा निकले महादेव मंदिर में हो रही अवैध पार्किंग का मुद्दा उठाया था जिस पर कार्यवाही करते हुए निगम आयुक्त ने पत्र जारी कर पुलिस विभाग और ट्रैफिक विभाग को इसपर कार्यवाही करने के लिए कहा था।आज ट्रैफिक डीएसपी पूरे दलबल के साथ पहुँचे और अवैध पार्किंग को खाली करा रहे है।

शहर में बढ़ते यातायात के दबाव और अवैध पार्किंग से हो रही परेशानियों के देखते हुए रायगढ़ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देश ट्रैफिक डीएसपी राजकुमार मिंज अपने दलबल के साथ निकले महादेव मंदिर के पास हो रही अवैध पार्किंग पर गाज गिराई, और वहां पार्क की गई दुपहिया वाहानों को जप्ती बनाया द्व जिससे वहां रखे वाहनों के मालिकों में खलबली मची है ,और वो भागे दौड़े अपनी वाहन बचने में लगे है ,पुलिस की ये कार्यवाही काबिले तारीफ है ,जिसकी जितनी भी तारीफ की जाये कम है।

### टीआरएन के खिलाफ ग्रामीण ठेकेदार व सप्लायर हुए लामबंद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले के घरघोड़ा ब्लाक के ग्राम भेंगारी में संचालित टीआरएन कंपनी के खिलाफ स्थानीय ग्रामीण ठेकेदार व सप्लायर एकजुट होने लगे हैं और अपनी समस्याओं को लेकर कंपनी प्रबंधन से जवाब तलब करने लगे हैं। कंपनी प्रबंधन के द्वारा यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो यह आक्रोश विकराल रूप भी ले सकता है।

2006 में निर्माण कार्य प्रारंभ होकर 2017 में पूर्णता प्राप्त कर हाल ही में कंपनी 600 मेगावाट विद्युत उत्पादन कर रही है, और वहीं चारमार भेनगारी,टेंडा, नवापारा आदि क्षेत्रीय ग्रामीणों को अभी तक अधिग्रहित जमीन का मुआवजा राशि प्रदान नहीं किए जाने व 2 वर्ष से अधिक तक क्षेत्रीय ठेकेदार व माल सप्लायरों का बकाया राशि भुगतान टी आर एन कंपनी द्वारा नहीं किए जाने के एवज में ग्रामीण ठेकेदार व सप्लायर ने पूर्ण रूप टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा, थाना प्रभारी घरघोड़ा को 6 फरवरी को पैसा भुगतान राशि नहीं किए जाने के संबंध में हड़ताल व चक्का जाम बलात पूर्वक कर टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की कार्यो को प्रभावित करने को लेकर धरना पर बैठने से पहले ही इन्हें कोरी व झूठी आश्वासन देकर टालमटोल कंपनी प्रबंधन द्वारा किया गया और आज 2 माह बीत जाने के बावजूद प्रबंधन इस ओर कोई सुध लेता नजर नहीं आ रहा है। और आज यही ग्रामीण जन, सप्लायर व ठेकेदार पुनः अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा को ज्ञापन सौंपने अपनी मांगों को लेकर टीआर एनर्जी लिमिटेड कंपनी भेंगारी में अपने अधिग्रहण भूमि का मुआवजा व ठेकेदार माल सप्लायर अपनी 6 बिंदुओं की मांगों को लेकर लामबंद होने को है मजबूर हैं।

### घर में घुसकर भालु ने ग्रामीण पर किया हमला, अस्पताल में भर्ती



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** खरसिया क्षेत्र के बसनाझर गांव में बीती रात एक भालु ने ग्रामीण के घर में घुसकर हमला कर दिया। आहत को खरसिया अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे खरसिया राइनो को मेडिकल एमरजैंसी का इवेंट प्राप्त हुआ जिस पर राइनो स्टॉफ आरक्षक भगत राम टंडन ग्राम बसनाझर के लिए रवाना हुआ, जहां रोहित कुमार राठिया पिता प्यारी लाल राठिया उम्र 50 वर्ष निवासी बसनाझर के घर में भालू ने घुसकर हमला कर दिया था जिससे रोहित कुमार राठिया के सिर, हाथ में चोटे आई थी, आहत को आरक्षक ने ईआरव्ही वाहन में बिठाकर खरसिया अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया है।

### बढ़ती गर्मी से जनजीवन हुआ प्रभावित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** गर्मी का तापमान बढ़ने से शहर का जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। सुबह 10 बजे से ही शहर की सड़कें सुनी होने लगी है और लोग बढ़ती तपिश से बचने के लिए अलग-अलग उपाए कर रहे हैं। अप्रैल माह में भी इस बार गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। पिछले साल इसी माह में तापमान 30 से 40 डिग्री हुआ करता था लेकिन इस साल यह तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुंच रहा है। भारी गर्मी से हलाकान लोग बताते हैं बीते दो तीन दिनों से गर्मी का तापमान और बढ़ा है जिससे रोजाना के कार्यो में खासी दिक्कत हो रही है।







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480